Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to extend the benefit of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Scheme to farmers living in forest areas in Betul district, Madhya Pradesh - laid

श्री दुर्गा दास उईके (बैतूल): मैं बैतूल हरदा हरसूद आदिवासी लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । किसानों के हित में हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि किसानों को सबल बनाने और उन्हें आंशिक मदद पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' के नाम से एक महत्वकांक्षी योजना शुरू की है जिसमें प्रतिवर्ष किसानों को दो-दो हजार रूपये की तीन समान किश्तों में कुल छः हजार रूपये दिये जाते हैं जिसके लिए राजस्व विभाग द्वारा किसानों से जरूरी कागजात भी जमा करवाये जाते हैं। किंतु आदिवासी बहुल वन ग्रामों के किसानों को इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है जिससे वन्यांचल में निवासरत वन ग्रामों के किसानों में नाराजगी है । बैतूल जिले की तहसील घोड़ाडोगरी, शाहपुर भैसदेही,भीमपुर आठोर आत्मा प्रभातपट्ट चिचोली के टाण्डा बाला डोंगरी, बरखेडा, डोकरीभुरू, दरियावगंज, गवासेन, खोल, राखेड़ा एवं कुरसाना सहित जनजाति क्षेत्र के 180 वन ग्राम हैं, जहां के किसानों को "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।

कृपया भारत शासन का कृषि मंत्रालय अपने स्तर से ठोस कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि वन ग्राम के आदिवासी भाइयों एवं अन्य सभी किसानों को भी भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके ।